**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 700**
**दिनांक 24 जुलाई, 2025**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जारी कनेक्शन**

**700.** **श्रीमती संध्या रायः**
**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः**
**श्री मुकेश राजपूतः**
**श्री आलोक शर्माः**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः**
**श्री दिनेशभाई मकवाणाः**
**श्रीमती पूनमबेन माडमः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**
**श्री भोजराज नागः**
**श्रीमती हिमाद्री सिंहः**
**श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः**
**श्री बिद्युत बरन महतोः**
**श्रीमती बिजुली कलिता मेधीः**
**श्री खगेन मुर्मुः**
**श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**
**श्री जनार्दन मिश्राः**
**श्री नव चरण माझीः**
**श्री राजकुमार चाहरः**
**श्रीमती कमलेश जांगड़ेः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य क्या है;

(ख) मध्य प्रदेश और उसके भिंड एवं दतिया जिलों तथा शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा छत्तीसगढ़ सहित देश भर में अब तक इसके अंतर्गत कुल लाभार्थियों की संख्या कितनी है और जारी किए गए कनेक्शन कितने हैं तथा जून 2025 तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को जारी किए गए ऐसे कनेक्शनों की संख्या कितनी है; और

(ग) छत्तीसगढ़ के कांकेर और बालोद जिलों सहित देश भर में उक्त योजना के अंतर्गत उपलब्ध वितरण नेटवर्कों की कुल संख्या कितनी है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध उक्त वितरण नेटवर्कों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग) पूरे देश में गरीब परिवारों की व्यस्क महिला सदस्यों को बगैर जमानत राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) शुरू की गई थी। पीएमयूवाई के तहत 8 करोड़ कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य सितंबर, 2019 में हासिल कर लिया गया था। शेष गरीब परिवारों को शामिल करने के लिए 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन जारी करने के लक्ष्य के साथ अगस्त, 2021 में उज्ज्वला 2.0 की शुरूआत की गई थी, जिसे जनवरी, 2022 में हासिल कर लिया गया था। तत्पश्चात सरकार ने उज्ज्वला 2.0 के तहत और 60 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया तथा दिसंबर 2022 के दौरान उज्ज्वला 2.0 के तहत 1.60 करोड़ कनेक्शन के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया था। इसके अतिरिक्त, सरकार ने पीएमयूवाई योजना के तहत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन जारी करने को अनुमोदन प्रदान किया था जिसे भी जुलाई, 2024 तक हासिल कर लिया गया था। दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य तथा मध्य प्रदेश के भिंड, दतिया जिले और शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (जिसमें पूरा अनूपपुर तथा उमरिया जिले और शहडोल एवं कटनी जिलों के कुछ भाग शामिल हैं) में पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शनों सहित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के तहत ब्यौरा, **अनुलग्नक-क** में दिया गया है।

01 जुलाई, 2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 25,573 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स हैं जिसमें से 17,646 ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इनका कार्य प्रचालन देश भर में स्थापित तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) के 213 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र के जरिए होता है। ओएमसीज ने ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में एलपीजी की पहुँच बढ़ाने के लिए देश भर में 7997 डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स (दिनांक 01.04.2016 से 30.06.2025 के दौरान कमीशन) कमीशन की हैं, जिनमें से 7403 (अर्थात 93%) [रूर्बन-1033, ग्रामीण- 4991, दुर्गम क्षेत्रीय वितरक और राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक (डीकेवी+आरजीजीएलवी)- 1379] ग्रामीण इलाकों में अपनी सेवा प्रदान कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर और बालोद जिले में उपलब्ध एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की संख्या का ब्यौरा **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है।

******

**अनुलग्नक-क**

**“प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जारी कनेक्शन” के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 700 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य में पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या :**

| **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** | **पीएमयूवाई ग्राहकों की संख्या** | **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत कनेक्शनों की संख्या** |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 38,01,052 | 17,25,401 |
| मध्य प्रदेश | 88,45,658 | 34,71,808 |

**स्रोत: उद्योग आधार पर आईओसीएल**

**दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार मध्य प्रदेश के भिंड और दतिया जिलों में पीएमयूवाई योजना के तहत जारी किए गए कनेक्शन :**

| **ज़िला** | **पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या ( लाख में )** | **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत जारी कनेक्शनों की संख्या ( लाख में )** |
|---|---|---|
| भिंड जिला | 1.69 | 0.48 |
| दतिया जिला | 1.12 | 0.37 |

**स्रोत: उद्योग आधार पर आईओसीएल**

**दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पीएमयूवाई योजना के तहत जारी कनेक्शनों का विवरण:**

| **ज़िला** | **पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या ( लाख में )** | **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत जारी कनेक्शनों की संख्या ( लाख में )** |
|---|---|---|
| **अनूपपुर** | 1.00 | 0.59 |
| **उमरिया** | 0.73 | 0.29 |
| **शाहडोल** | 1.48 | 0.69 |
| **कटनी** | 2.00 | 0.75 |

**स्रोत: उद्योग आधार पर आईओसीएल**

**अनुलग्नक-ख**

**“प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जारी कनेक्शन” के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 700 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

## छत्तीसगढ़ के कांकेर और बालोद जिले में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की संख्या का ब्यौरा

| जिले का नाम | शहरी | ग्रामीण शहरी | ग्रामीण | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| कांकेर | 0 | 3 | 7 | 8 | 18 |
| बालोद | 0 | 2 | 7 | 2 | 11 |

**स्रोत: उद्योग आधार पर आईओसीएल**